Title : Need to allocate the EWS flats in Delhi to eligible families under PMAY(U)-laid

श्री योगेन्द्र चांदोलिया **(उत्तर-पश्चिम दिल्ली) :** मैं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिल्ली के निवासियों को निर्मित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के आवंटन से संबंधित एक महत्वपूर्ण मामले की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड द्वारा सावदा, घेवरा, द्वारका, सुल्तानपुरी, भलस्वा और जहाँगीर पुरी सहित विभिन्न स्थानों पर 18,084 फ्लैटों का निर्माण करने के बावजूद, ये फ्लैट दिल्ली के गरीब और ज़रूरतमंद लोगों को आवंटित नहीं किए गए हैं । स्थिति बहुत खराब है, सावदा घेवरा में 7,620 में से केवल 218 ईडब्ल्यूएस फ्लैट आवंटित किए गए हैं । इन फ्लैटों की हालत बहुत खराब है, इनमें खिड़कियां, दरवाजे चोरी हो चुके है और बहुत से समान क्षतिग्रस्त हैं और सुरक्षा, पानी, बिजली, सामुदायिक हॉल, पार्क और बस स्टैंड जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है । इसके अलावा, मैं यह भी बताना चाहूंगा कि DUSIB, DSIIDC and NDMC द्वारा कुल 52,284 फ्लैटों का निर्माण किया गया है । यह जरूरी है कि ये फ्लैट दिल्ली के गरीब और जरूरतमंद लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित किया जाए और क्षतिग्रस्त फ्लैटों की मरम्मत कर सभी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाए ।